# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Annual Examination - (2025 – 2026)**

**Class v / Section: --------** **MM: 80**

**Subject: HINDI** **Time: 2:00 Hrs**

Name: _____________ Roll No.:__________

***(Fifteen Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)***

सामान्य निर्देश:

1 इस प्रश्न पत्र में तीन खंड है – खंड अ,ब और स

2 दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

3 यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशःलिखिए |

खंड अ

प्रश्न 1 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प पर ( √ ) का निशान लगाइए | (1X7 =7 )

गंगा भारत की एक अत्यंत पवित्र नदी है जिसका जल काफी दिनों तक रखने के बावजूद खराब नहीं होता है जबकि साधारण जल कुछ ही दिनों में सड़ जाता है | गंगा का उद्गम स्थल गंगोत्री या गोमुख है | गोमुख से भागीरथी नदी निकलती है और देव प्रयाग नामक स्थान पर अलक नन्दा नदी से मिलकर आगे गंगा के रूप में प्रवाहित होती है | भागीरथी के देवप्रयाग तक आते-आते इसमें कुछ चट्टानें घुल जाती हैं जिससे इसके जल में ऐसी क्षमता पैदा हो जाती है जो उसके पानी को सड़ने नहीं देती | हर नदी के जल में कुछ खास तरह के पदार्थ घुले होते हैं | कुछ खास तरह के बैक्टीरिया ही पानी की सड़न के लिए जिम्मेदार होते हैं तो कुछ पानी को सड़ने ही नहीं देते | गंगा के पानी में ऐसे बैक्टीरिया हैं जो गंगा के पानी को सड़ने नहीं देते इसलिए गंगा का पानी काफी लंबे समय तक खराब नहीं होता |

(i) कौन सा जल काफी दिनों तक रखने के बाद भी खराब नहीं होता है ?

क शुद्ध जल ख गंगा जल

ग उबला जल घ घर का पानी

(ii) गंगा का उद्गम स्थल कौन सा स्थान है ?

क जमुना ख कृष्णा

ग गोमुख घ कावेरी

(iii) हर नदी के जल में कुछ ..............तरह के पदार्थ होते हैं |

क समान्य ख गंदे

ग अच्छे घ खास

(iv) पानी के सड़न के लिए कौन जिम्मेदार होता है ?

क गन्दगी ख कचड़ा

ग बैक्टीरिया घ कीचड़

(v) भागीरथी नदी देव प्रयाग स्थान पर किस नदी से मिलती है?

क अलकनंदा ख गायत्री

ग पलकनंदा घ गंगोत्री

(vi) भागीरथी नदी के देवप्रयाग आते- आते पानी में क्या घुल जाता है ?

क मोती ख चाँदी

ग हीरा घ चट्टान

(vii) साधारण का विलोम शब्द है -

क असत्य ख अमर

ग असाधारण घ अहित

प्रश्न 2 प्रश्न 2 काव्यांश को पढ़कर ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5)

सच है विपत्ति जब आती है,
कायर को ही दहलाती है।
सूरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते।
विघ्नों को गले लगाते हैं।
काँटों में राह बनाते हैं।
है कौन विघ्न ऐसा जग में,
टिक सके आदमी के मग में।
खम (दम) ठोंक ठेलता है जब नर,
पर्वत के जाते पाँव उखड़।
मानव जब जोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है।

(i) विपत्ति किसको दहलाती है ?

क बुद्धिमान ख शक्तिशाली

ग कायर घ सीधे आदमी

(ii) विपत्ति आने पर कौन विचलित नहीं होते ?

क बुद्धिमान ख सुरमा

ग विद्वान घ कमज़ोर

(iii) सुरमा काँटों में भी ..........बनाते हैं |

क राह ख घर

ग फूल घ मंदिर

(iv) मानव के जोर लगाने पर पत्थर क्या बन जाता है ?

क हीरा ख मणि

ग पहाड़ घ पानी

(v) कविता के अनुसार आदमी के राह में क्या नहीं टिक सकता ?

क जानवर — ख शक्तिशाली

ग विघ्न — घ पागल

## खंड ब

प्रश्न 3 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1X4 =4)

(i) 'आँख दिखाना' का अर्थ लिखिए |

(ii) हंस और हँस का अर्थ लिखिए |

(iii) जो कभी न मरे - ( अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए | )

(iv) आशा का विलोम शब्द लिखिए |

प्रश्न 4 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1X4 =4 )

(ii) प्रश्न पूछे जाने वाले वाक्यों में कौन सा चिह्न लगता है ?

(iii) 'मित्र' का विलोम शब्द लिखिए |

(iv ) कुछ शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते है ऐसे शब्दों को क्या कहते हैं ?

प्रश्न 5 सही विकल्प पर ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5 )

(i) 'ईद का चाँद का' अर्थ है -

क बहुत दिनों के बाद मिलना — ख राहत मिलना

ग जी ललचाना — घ मदद करना

(ii) 'पेट में चूहे कूदना' का अर्थ है -

क सहम जाना — ख शर्मिंदा होना

ग तैयार होना — घ भूख लगना

(iii) 'नीड़' का अर्थ है -

क घोंसला — ख लता

ग पानी — घ पशु

(iv) 'सज्जन' का विलोम शब्द है -

क निर्यात — ख दुष्ट

ग मंद — घ अहित

(v) 'चाँद' का पर्यायवाची शब्द है -

क राकेश	ख लाल

ग सदन	घ रवि

प्रश्न 6 सही विकल्प पर ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5 )

(i) 'फूल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है -

क कुसुम	ख समीर

ग पुष्प	घ सुमन

(ii) 'पर' शब्द का अर्थ है -

क पंख	ख रंग

ग मना करना	घ धातु

(iii) रोगी का इलाज करने वाला -

क डॉक्टर	ख मोची

ग किसान	घ वार्षिक

(iv) वाक्य पूरा होने पर कौन सा चिह्न लगाया जाता है ?

क अल्पविराम	ख प्रश्नवाचक

ग पूर्णविराम	घ विस्मयबोधक

(v) अंबर का अर्थ है -

क गोद	ख धरती

ग हवा	घ कपडा

## खंड स

प्रश्न 7 गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प में ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5 )

बिशन ने सोचा " कितना दुःख पहुँचाने वाला काम करते हैं ये शिकारी " वह समझ गया कि शिकारी ही तीतरों पर गोलियाँ चला रहे थे, इसलिए वह पेड़ों के बीच से निकलकर खेतों के किनारे- किनारे चलने लगा | वह चलते-चलते सोच रहा था कि इन शिकारियों को सबक सिखाया जाना चाहिए, लेकिन उन्हें कैसे सबक सिखाया जाए | यह उसकी समझ में नहीं आ रहा था | तभी उसके पाँव के पास सरसराहट सी हुई | उसने देखा एक घायल तीतर गेंहू की बालियों के बीच फँसा छटपटा रहा है | बिशन वहीं घुटनों के बल बैठ गया उसने घायल तीतर को पकड़ने के लिए हाथ बढाया | लेकिन घबराया हुआ तीतर छिटककर खेत के अन्दर चला गया | बिशन जानता था कि शिकारी इस तीतर को ढूँढ नहीं पाएँगे और घायल तीतर

यहीं तड़प तड़प कर मर जाएगा | उसने स्वेटर उतारा और मौका देखकर तीतर पर डाल दिया | तीतर स्वेटर में फँस गया |

(i) शिकारी किस पर गोलियाँ चला रहे थे ?

क खेत ख निशान

ग तीतर घ कर्नल दत्ता

(ii) बिशन शिकारियों को क्या सिखाना चाहता था ?

क सबक ख मज़ाक

ग पाठ घ मज़ा

(iii) खेत में किसकी फ़सल लगी थी ?

क चावल ख बाजरा

ग गेंहू घ ज्वार

(iv)बिशन कैसा बच्चा था ?

क हिम्मतवाला ख गंदा

ग डरपोक घ नासमझ

(V) तीतर किसमें फँस गया ?

क कांटा ख ज्वार

ग स्वेटर घ बाजरा

प्रश्न 8 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | ( 2X5 =10 )

क बाघ और तेंदुए में दो अंतर लिखिए |

ख दूसरे बालक ने बाघ के बारे में क्या बताया ?

ग पहले बालक ने बाघ को कहाँ देखा ?

घ एक दिन अंधेर नगरी में कौन सी घटना घटी ?

ड राजा के मरने के बाद प्रजा की क्या प्रतिक्रिया हुई ?

प्रश्न 9 काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प में ( √ ) का निशान लगाइए | (1X5 =5 )

गुरु एक थे और था एक चेला

चले घूमने पास में था न धेला |

चले चलते- चलते मिली एक नगरी,
चमाचम थी सड़कें चमाचम थी डगरी |
मिली एक ग्वालिन धरे शीश गगरी
गुरु ने कहा तेज़ ग्वालिन न भग री |
बता कौन नगरी बता कौन राजा
कि जिसके सुयश का यहाँ बजता बाजा |
कहा बढके ग्वालिन ने महाराज पंडित
पधारे भले हो यहाँ आज पंडित |
यह अंधेर नगरी है अनबूझ राजा
टेक सेर भाजी ,टेक सेर खाजा |

(i) ग्वालिन ने सिर पर क्या उठाया था ?

क सब्जी — ख फल

ग गठरी — घ गगरी

(ii) इस कविता में 'धेला' का अर्थ क्या है ?

क भाजी — ख पैसा

ग लोहा — घ कागज़

(iv) किसके सुयश का यहाँ बाजा बजता था ?

क गुरु — ख राजा

ग चेला — घ मंत्री

(iv) अंधेर नगरी में सभी वस्तुएँ ...........मिल रही है |

क सस्ती — ख गंदी

ग महँगी — घ अच्छी

(v) राजा कैसा था ?

क समझदार — ख अनबूझ

ग बुद्धिमान — घ नादान

प्रश्न 10 प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (2 X5 =10 )

क राजम के पिता के विषय में स्वामी ने दादी को क्या बताया ?

ख बिशन प्रतिदिन कहाँ जाता था ? 'बिशन की दिलेरी' पाठ के रचयिता का नाम लिखिए

ग जवाहर लाल अमरनाथ क्यों नहीं पहुँच पाए ?

घ पहाड़ी रास्तों में चढ़ते हुए जवाहर लाल को किन परेशानियों का सामना करना पड़ा ?

ड स्वामी की दादी कहाँ रहती थी ?

प्रश्न 11 दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए | (1X5 =5 )

घर, दादी, आगाह, घायल, हिमालय

प्रश्न 12 मिलान कीजिए | (1X5 =5 )

| | |
|---|---|
| क जवाहर लाल | क दस वर्ष |
| ख छोटी सी हमारी नदी | ख अमरनाथ की यात्रा |
| ग बिशन | ग रवीन्द्रनाथ ठाकुर |
| घ बाघ आया उस रात | घ अनबूझ |
| ड राजा | ड नगार्जुन |

प्रश्न 13 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए | (1X5 =5 )

क बसंत ऋतु

ख जीवन के उल्लास प्रतीक त्योहार

ग विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

घ स्वच्छ भारत

प्रश्न 14 कश्मीर की यात्रा में जाने के लिए पांच दिन के अवकाश के हेतु प्रधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए | (5 )

अथवा

चाचा की शादी में जाने के लिए तीन दिन के अवकाश हेतु अपने कक्षा शिक्षिका को आवेदन पत्र लिखिए | (5 )

----000----